गुट-निरपेक्ष समाचार एजेन्सी पूल

203. श्री भगीरथ भंवर : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक गुट-निरपेक्ष समाचार एजेन्सी पूल स्थापित किया गया है अथवा करने का विचार है ,

(ख) यदि हां, तो उसके उद्देश्यों तथा कार्य-प्रणाली संबंधी मुख्य रूप-रेखा क्या है ,

(ग) उन देशों के नाम क्या हैं जिनकी इसमें शामिल होने की संभावना है और

(घ) क्या निकट भविष्य में इस संबंध में कोई बैठक होने वाली है और यदि हां, तो वह कहां पर तथा किस तारीख को होगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) : (क) नई दिल्ली में 8 जुलाई से 13 जुलाई 1976 तक हुये गुट निरपेक्ष देशों के मंत्री स्तरीय सम्मेलन द्वारा गुट निरपेक्ष देशों का प्रेस एजेंसी संगम गठित किया गया ।

(ख) संगम के उद्देश्य और बातों के साथ साथ ये हैं —

(1) गुट निरपेक्ष देशों के बीच सूचना के आपसी आदान-प्रदान में सुधार करना और उसका विस्तार करना तथा आपसी सहयोग को और सुदृढ़ करना ; और

(2) गुट निरपेक्ष देशों तथा सामान्य-तया अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच गुट निरपेक्ष देशों, उनके आपसी सहयोग और सामान्य हित के अन्य विषयों के बारे में सही तथ्यात्मक सूचना के प्रसार की सुविधाजनक बनाना ।

संगम का उद्देश्य गुट निरपेक्ष देशों के बीच समाचारों के आदान-प्रदान की पहले से ही जो व्यवस्था है उसका विकल्प बनना या एक अधिराष्ट्रीय समाचार एजेंसी बनना नहीं है ।

मोटे तौर पर भाग लेने वाली प्रत्येक समाचार एजेंसी को संगम के ढांचे के अन्तर्गत समाचार भेजने और उन्हें वितरित करने का अधिकार है और वह एक या अधिक वितरण एजेंसियों को प्रतिदिन उतने शब्द भेज सकेगी जितने के बारे में उनमें सहमति हुई हो । सभी वितरक समाचार एजेंसियां अपने दैनिक संप्रेषणों या समाचार प्रेषणों में आपस में स्वीकृत समय अवधि अन्य सहयोगी ऐजेंसियों से प्राप्त समाचारों के वितरण को देंगी । प्रत्येक समाचार एजेंसी प्रकाशनों के द्वारा और रेडियो और दूरदर्शन केन्द्रों की सेवाओं का उपयोग करके संगम द्वारा भेजे गये समाचारों और सूचना के उपयोग की सम्भावनाओं को बढ़ाने का पूरा प्रयास करेगी । इस संगम की नींव अपना खर्चा स्वयं उठाने के सिद्धान्त पर रखी गई है ।

(ग) उम्मीद है संगम में शामिल होने वाले देशों के नामों की जानकारी संगम की समन्वय समिति, जिसे सम्मेलन द्वारा नियुक्त किया गया था, के द्वारा दी जाएगी ।

(घ) समन्वय समिति की बैठक निकट भविष्य में होने की सम्भावना है, किन्तु इसके स्थान और समय का अभी पता नहीं है ।

समाचारपत्रों द्वारा स्वानुशासन तथा आचार संहिता का पालन

204. डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाचार पत्र स्वानुशासन तथा सर्वसम्मत आचार-संहिता का पालन